मिरिक। मिरिक सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद प्रेम कुमार सांगपांग के सेवानिवृत्त होने पर उनके सहकर्मियों द्वारा एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रभारी मिलन राई ने की।

इस अवसर पर सहकर्मियों ने सांगपांग के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण भावुक था और उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई। सभी उपस्थितजनों ने उनके सेवा भाव, कार्यकुशलता और सहयोगी स्वभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कमी विभाग में हमेशा महसूस की जाएगी।

# रंगापानी में बनेगा नया रेल ओवर ब्रिज

**रेलवे मंत्रालय ने 69.79 करोड़ रुपये की परियोजना को दी मंजूरी**

दार्जिलिंग। दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट ने जानकारी दी है कि रेलवे मंत्रालय ने निजबाड़ी और रंगापानी स्टेशनों के बीच किमी 7/9-8/0 पर स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या एनसी-5 के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण के लिए 69.79 करोड़ रुपये की लागत को स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति पहले स्वीकृत राशि से लगभग 20 करोड़ रुये अधिक है। सांसद श्री बिष्ट ने बताया कि इस परियोजना की पूरी लागत भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएगी, जिससे क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी।



उन्होंने कहा कि रेलवे मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से इस परियोजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संपर्क किया है। सांसद ने स्वयं भी राज्य सरकार के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि एनओसी की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि आरओबी का निर्माण शीघ्र शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि रंगापानी क्षेत्र की जनता इस आरओबी की अनुपस्थिति में वर्षों से कठिनाइयों का सामना कर रही है। इसका निर्माण उनके जीवन को सहज बनाएगा।श्री बिष्ट ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया और कहा कि यह निर्णय दर्शाता है कि हमारी सरकार पूर्वोत्तर और पहाड़ी क्षेत्रों की आधारभूत संरचना के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# डीएसीएस और आईटीबीपी के बीच ऐतिहासिक समझौता

गंगटोक। रंगपो स्थित डेंजोंग एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव सोसाइटी (डीएसीएस) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता डीएसीएस के प्रबंध निदेशक धीरज प्रधान और आईटीबीपी के उप महानिरीक्षक एसके सिंह के बीच समदुर स्थित सेक्टर मुख्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक व डीएसीएस अध्यक्ष श्री सतीश चंद्र राई भी उपस्थित रहे। इस समझौते के अंतर्गत आईटीबीपी को फल, सब्जियां, चिकन, मछली एवं दुग्ध उत्पाद वार्षिक संविदा के आधार पर आपूर्ति की जाएगी।

विशेष बात यह है कि इन वस्तुओं की आपूर्ति सिक्किम के अधिसूचित वाइब्रेंट विलेजेज से जुड़े किसानों से प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी, जिससे स्थानीय कृषि और पोल्ट्री उत्पादकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। डीएसीएस, जो सिक्किम की एक प्रमुख सहकारी संस्था है, बीते छह दशकों से भारतीय सेना की आपूर्ति आवश्यकताओं को पूरा करती रही है। यह नया समझौता न केवल संस्था की राष्ट्रसेवा में प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि व्यवसायिक विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय भी जोड़ता है। डीएसीएस ने पुन: यह संकल्प दोहराया है कि वह दुर्गम परिस्थितियों में भी समय पर और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## मेहनत और आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं संजय मुखिया

मिरिक। सुकेपोखरी खंड के अंतर्गत रांगभांग वन बस्ती स्थित सूर्या फार्म एवं नर्सरी के संचालक संजय मुखिया आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। उद्यमी किसान के रूप में पहचान बना चुके संजय मुखिया कृषि, बागवानी और पशुपालन के माध्यम से सफलतापूर्वक आजीविका चला रहे हैं। उनके परिवार की तीन पीढ़ियों से कृषि से जुड़ी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, संजय मुखिया आज अपनी बड़ी नर्सरी में मौसमी फूलों और सब्जियों की खेती कर रहे हैं। वर्तमान में उनकी नर्सरी में हजारों रंग-बिरंगे बिगोनिया फूल खिले हुए हैं, जो पर्यावरण प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ ही वे आधुनिक तरीकों से दो जर्सी गायों और उन्नत नस्ल की बकरियों का पालन भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि आत्मनिर्भर बनने के लिए कठोर परिश्रम और सकारात्मक सोच जरूरी है।

उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें अब तक किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता या सब्सिडी नहीं मिली है, इसके बावजूद वे अपने प्रयासों से संतुष्ट और सफल हैं। संजय मुखिया ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अगर किसी में सीखने की इच्छा हो, तो वे उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए सदैव तैयार हैं। उन्होंने कृषि, बागवानी और पशुपालन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

# बिष्णु शर्मा ने अतिरिक्त राजनीतिक सचिव का संभाला पदभार

नामची। नामची जिले के लिए मुख्यमंत्री के नवनियुक्त अतिरिक्त राजनीतिक सचिव (एपीएस) बिष्णु प्रसाद शर्मा ने आज जिला प्रशासनिक केंद्र, नमची में औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण समारोह के दौरान नामची की जिलाधिकारी अनुपा तामलिंग, एडीसी (मुख्यालय) सुबास घिमिरे, एडीसी नामची श्रीमती त्रिसांग तमांग, एसडीएम (मुख्यालय) निम पिन्त्सो भूटिया, एसडीएम नामची सरन कालिकोटे तथा जिला प्रशासनिक केंद्र नामची के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पंचायत राज की सलाहकार श्रीमती रमा तमांग तथा स्थानीय गणमान्य नागरिक भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी नामची ने श्री शर्मा को बधाई देते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# भाषा संग्रामियों को किया गया सम्मानित, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

कर्सियांग (निज संवाददाता)। कर्सियांग के नया बाजार क्षेत्र स्थित टाउन सार्वजनिक भवन में नेपाली भाषा मान्यता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महकमा स्तरीय अंतरविद्यालय नेपाली कविता लेखन एवं वाचन प्रतियोगिता सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं। समारोह के दौरान भाषा संग्रामियों आई.पी. शर्मा और पूर्ण गुरुंग निरूपम को नेपाली टोपी पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, दिवंगत भाषा संग्रामी स्व. प्रेम थापा को मरणोपरांत सम्मानित किया गया। उनकी धर्मपत्नी को मंच पर शॉल ओढ़ाकर, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान किया गया। जीटीए और स्थानीय प्रशासन का संयुक्त आयोजन इस कार्यक्रम का आयोजन गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए), सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग तथा नेपाली भाषा मान्यता दिवस समारोह समिति, कर्सियांग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समारोह की अध्यक्षता जीटीए के सूचना एवं सांस्कृतिक विभागीय सभासद अनोश थापा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कर्सियांग नगरपालिका अध्यक्ष ब्रिगेन गुरुंग तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्सियांग पंचायत समिति की सभापति श्रीमती अनु छेत्री प्रधान उपस्थित रहीं। नेपाली कविता लेखन और वाचन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। समारोह को विनोद रसाइली के स्वागत भाषण से प्रारंभ किया गया। बाद में सूचना एवं सांस्कृतिक विभागीय अधिकारी भूपेन्द्रकांत घीसिंग, ब्रिगेन गुरुंग और श्रीमती अनु छेत्री प्रधान ने भी सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि केवल भाषा दिवस पर नेपाली भाषा की प्रशंसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि इसे जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेपाली भाषा हमारी शान और पहचान है। हमें गर्व के साथ कहना चाहिए कि हम भारतीय गोरखा हैं और हमारी भाषा नेपाली है। कार्यक्रम से पूर्व सुबह 10 बजे कर्सियांग मोटर स्टैंड से एक विराट जागरूकता रैली निकाली गई, जो पूरे शहर की परिक्रमा कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। रैली में विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाजसेवियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने नेपाली भाषा के समर्थन में लिखे प्लेकार्ड हाथों में लेकर जोरदार नारेबाजी की। समारोह की शुरुआत दिवंगत भाषा संग्रामियों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक मिनट के मौन से की गई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में यमुना लामा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने भावपूर्ण नेपाली गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सबिना गिरि ने कुशलता से किया। जनसंपर्क अधिकारी एवं कर्सियांग नगरपालिका के उपाध्यक्ष सुवास प्रधान ने समारोह की सफलता में योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# दार्जिलिंग में धूमधाम से मनाया गया 34वां नेपाली भाषा मान्यता दिवस

दार्जिलिंग। नेपाली साहित्य सम्मेलन, दार्जिलिंग द्वारा 34वां नेपाली भाषा मान्यता दिवस भव्य रूप से नेसास सूधपा सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेपाली भाषा संग्राम सेनानी स्वर्गीय रतन मोथे को मरणोपरांत विशेष सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उनके पुत्र रमेश मोथे को समारोह के मुख्य अतिथि के.के. लिम्बू के कर-कमलों द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भाषा आंदोलन के अग्रजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार सचिन दुमी राई, डॉ. जीवन नामदुंग, डॉ. सी.के. राई सहित कई गणमान्य साहित्यकारों की विशेष उपस्थिति रही। वक्ताओं ने स्वर्गीय रतन मोथे के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न केवल नेपाली साहित्य व रंगमंच से जुड़े रहे, बल्कि नेपाली भाषा और जातीय पहचान के लिए सक्रिय रूप से राजनीतिक आंदोलनों में भी भागीदारी करते रहे। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़कर युवा कांग्रेस जिला कमेटी के पद पर कार्यरत रहे और इंदिरा गांधी, अजित पंजा, सिद्धार्थ शंकर राय, सिताराम केसरी जैसे शीर्ष नेताओं से उनके निकट संबंध रहे। रतन मोथे का जन्म 6 अक्टूबर 1943 को दार्जिलिंग के रूपनारायण सिंह रोड स्थित नास्पति बिल्डिंग में हुआ था। वे प्रसिद्ध रंग निर्देशक प्रताप सुब्बा और हृदय लामा के साथ कई नाटकों में सक्रिय रूप से मंचन कर चुके थे। उनके योगदानों को सुनकर उनके पुत्र रमेश मोथे भावुक हो उठे।

# हम भारतीय गोरखा हैं, हमारी भाषा है नेपाली : अनोश

कर्सियांग (निज संवाददाता)। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग, गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के कार्यकारी सभासद अनोश थापा ने एक विशेष मुलाकात के दौरान स्पष्ट किया कि हमारी राष्ट्रीयता नेपाल नहीं, बल्कि भारत है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय गोरखा हैं और हमारी भाषा नेपाली है। अनोश थापा ने बताया कि भारत की संसद ने 20 अगस्त 1992 को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में नेपाली भाषा को स्थान देकर इसे संवैधानिक मान्यता प्रदान की थी।



उन्होंने कहा कि नेपाली भाषा को लेकर जो लोग अनावश्यक भ्रम फैलाते हैं, उन्हें इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। थापा ने कहा कि नेपाल कहना एक भौगोलिक पहचान को दर्शाता है, जबकि हम भारतीय गोरखा हैं। भले ही हमारे पूर्वज नेपाल से आए हों, लेकिन वे इस धरती से जुड़े हुए थे। सुगौली संधि की धारा-7 के कारण हम पर विदेशी होने का आरोप लगाया गया, जिसे खारिज करने के लिए हमने यह स्पष्ट किया कि हम नेपाल के नेपाली नहीं, बल्कि भारतीय गोरखा हैं। उन्होंने बताया कि नेपाली भाषा मान्यता दिवस का समापन समारोह 31 अगस्त 2025 को दार्जिलिंग में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नेपाली भाषा को भारतीय संविधान में शामिल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व सांसद द्वय दिल कुमारी भंडारी और आर.बी. राई को नेपाली भाषा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 50,000 रुपये की नगद राशि, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। थापा ने यह भी कहा कि यद्यपि अनेक भाषा सेनानियों ने जमीनी स्तर पर संघर्ष किया, कई ने अपने प्राण भी न्योछावर किए, परंतु संसद में प्रमुख भूमिका निभाने के कारण इन दो महानुभावों को यह सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेपाली भाषा को मान्यता दिलाने में इन दोनों का योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

## सप्ताह भर चलेगा भाषा मान्यता उत्सव

दार्जिलिंग। गोर्खालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग और नेपाली भाषा मान्यता दिवस समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में 20 अगस्त (बुधवार) से सप्ताहभर चलने वाले समारोह की शुरुआत की गई। उद्घाटन दिवस पर रंगमंच भवन में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर भाषा आंदोलन में सक्रिय चार संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, अखिल भारतीय गोरखा विद्यार्थी महासंघ के तत्वावधान में आयोजित तर्कसभा प्रतियोगिता का फाइनल भी संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता दार्जिलिंग हिल विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सुजाता रानी राई ने की।

समारोह में जीटीए सभा के चेयरमैन अंजुल चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में जीटीए डिप्टी चेयरमैन राजेश चौहान, दार्जिलिंग नगरपालिका अध्यक्ष दीपेन ठकुरी, समारोह समिति अध्यक्ष विजय कुमार राई तथा भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आलोक कांत मणि थूलुंग सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह के दौरान नेपाली भाषा आंदोलन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित वृत्तचित्र भी प्रस्तुत किया गया।

## बागान श्रमिकों के पीएफ घोटाले पर संगठन ने सौंपा ज्ञापन

दार्जिलिंग। इंडियन गोरखा जनशक्ति फ्रंट की भातृ संस्था आवर हिल तराई डुआर्स टी वर्कर्स एसोसिएशन ने चाय बागान श्रमिकों के भविष्य निधि (पीएफ) से संबंधित अनियमितताओं के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (एपीएफओ) के क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी में एक ज्ञापन सौंपा है। संगठन का आरोप है कि बागान प्रबंधन द्वारा श्रमिकों के वेतन से नियमित रूप से पीएफ की राशि काटी गई, लेकिन उसे ईपीएफओ में जमा नहीं किया गया। इस प्रकार हजारों श्रमिकों के साथ आर्थिक शोषण किया गया है। संगठन ने इस घोटाले की तत्काल जांच कर कानूनी कार्रवाई करने और श्रमिकों की कटौती गई राशि को ईपीएफओ में जमा करवाने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़क से लेकर न्यायालय तक संघर्ष करेंगे।

# नेपाली भाषा दिवस पर भव्य कार्यक्रम संपन्न

**प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद रहे गोजमुमो अध्यक्ष बिमल गुरुंग**

दार्जिलिंग। गोर्खा जनमुक्ति मोर्चा की केन्द्रीय समिति द्वारा आयोजित 34वां नेपाली भाषा दिवस दार्जिलिंग के सिंहमारी स्थित सेक्रेड हार्ट चर्च के प्रेक्षागृह में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपी वाइवा ने की, जबकि गोर्खा जनमुक्ति मोर्चा (गोजमुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिमल गुरुंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर साहित्य और संगीत क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कवयित्री शारदा स्टेफी, कवयित्री नीलम गुरुंग (सिक्किम), कवि राममणि जोशी तथा बाल सेक्सोफोन वादक शिरडीसा सुब्बा शामिल रहे। इन सभी को विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्टेफ डांस सेंसेशन एकेडमी सिक्किम के कलाकारों तथा स्थानीय कवियों और कलाकारों ने भी अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के अंत में गोर्खा जनमुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय समिति के महासचिव रोशन गिरी ने सभी अतिथियों, कलाकारों और उपस्थित जनसमुदाय का धन्यवाद ज्ञापन किया। नेपाली भाषा और संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्द्धन के लिए आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक एवं सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

# सिक्किम में एंबुलेंस सेवा का विस्तार, सीएम ने दिखाई हरी झंडी

गंगटोक। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सिक्किम सरकार ने आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 102/108 एंबुलेंस सेवाओं (रेफरल परिवहन सेवाएं) का विस्तार करते हुए एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। इस सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) ने स्वास्थ्य मंत्री जी.टी. ढुंगेल की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव त्शेवांग ग्यात्शो (आईएएस), प्रिंसिपल डायरेक्टर, एसटीएनएम अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट, चीफ इंजीनियर (मैकेनिकल), निदेशकगण, अपर सचिव, अपर निदेशकगण, मैकेनिकल सेल की पूरी टीम और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने नई एंबुलेंस वाहनों के बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो राज्य में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 102 और 108 नंबरों पर आधारित यह सेवा कॉल सेंटर से संचालित होती है और 24×7 नि:शुल्क उपलब्ध है। 102 एंबुलेंस का उपयोग मुख्यत: गर्भवती महिलाओं और बीमार नवजात (1 वर्ष तक) के लिए किया जाता है। 108 एंबुलेंस का उपयोग दुर्घटना एवं अन्य आपातकालीन स्थितियों में किया जाता है। सिक्किम में इन दोनों सेवाओं को एकीकृत कर एक ही सिस्टम के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सके। सभी एंबुलेंस बेसिक लाइफ सपोर्ट सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इन वाहनों में आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण, प्रशिक्षित चालक एवं पैरामेडिक्स मौजूद हैं। यह सेवा पूरी तरह नि:शुल्क है।

इस सेवा की शुरुआत 2018 में पश्चिमी जिले से 8 एंबुलेंस के साथ हुई थी। अब सरकार द्वारा 9 नई एंबुलेंस जोड़ी गई हैं, इसमें गंगटोक जिला को 1 एंबुलेंस, पाक्योंग जिला को 2 एंबुलेंस, नामची जिला को 6 एंबुलेंस प्रदान किया गया है। इसका काम है कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को अस्पताल तक पहुंचाना और वापस घर छोड़ना, स्वास्थ्य केंद्रों के बीच मरीजों का स्थानांतरण, प्रसव के बाद माताओं को घर वापस ले जाने की सेवा है। इस विस्तार के साथ, सिक्किम सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को बेहतर बनाना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

विकसित बंगाल
विकसित भारत
नरेन्द्र मोदी

## बेचाराम मन्ना ने हमारा पाड़ा, हमारा समाधान कैंप का लिया जायजा

जलपाईगुड़ी। हमारा पाड़ा, हमारा समाधान कैम्प का निरीक्षण करने गुरुवार को कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना पहुंचे। यह शिविर कोतवाली थाना क्षेत्र के बाहादुर ग्राम पंचायत स्थित बाहादुर ठूटापाकुड़ी हाई स्कूल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर तीनों बूथों पर लोगों की भारी उपस्थिति देखी गई। मंत्री ने कैम्प में क्यूआर कोड सेवा की शुरुआत की। इस सुविधा से लोग अपने मोबाइल से कोड स्कैन करके यह जान सकेंगे कि कैम्प में किस अधिकारी की क्या जिम्मेदारी है और वे कहाँ मौजूद हैं। मंत्री के साथ मौके पर अतिरिक्त जिला शासक रौनक अग्रवाल, सभाधिपति कृष्णा राय बर्मन और बीडीओ मिहिर कर्मकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ने ऐसे कैम्पों की व्यवस्था करके पूरे राज्य में एक नागरिक क्रांति की शुरुआत की है। इधर, जलपाईगुड़ी के प्रयास हॉल में वार्ड संख्या 8 के दो बूथों पर भी कैम्प आयोजित हुआ। जलपाईगुड़ी नगरपालिका के उपाध्यक्ष सैकत चटर्जी ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने इलाके में चोरी रोकने और नशाखोरों के उत्पात पर नियंत्रण के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग रखी है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

दिनहाटा (निज संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। गुरुवार शाम यह घटना दिनहाटा शहर के निकट कृषि मेला इलाके में हुई। मृत बाइक सवार का नाम शुभ विश्वास है। इस दुर्घटना में उपेन बर्मन नामक एक साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल होकर दिनहाटा महकमा अस्पताल में भर्ती हैं। घटना के विवरण के अनुसार, गुरुवार को उपेन बर्मन नामक एक व्यक्ति साइकिल चलाकर पेटला से दिनहाटा शहर की ओर आ रहे थे। जब वे कृषि मेला इलाके के पास पहुँचे, तभी पीछे से आ रही एक बाइक ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक और साइकिल दोनों सड़क पर गिर पड़े। बाइक और साइकिल सवार दोनों ही सड़क पर बुरी तरह छिटक कर गिर गए। स्थानीय लोग तुरंत दोनों को दिनहाटा महकमा अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार शुभ विश्वास को मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर, साइकिल सवार उपेन बर्मन का इलाज अस्पताल में चल रहा है और अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।

## स्कूल की स्थापना दिवस के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम आयोजित

चामूर्ची। कटहलगुड़ी हाटखोला स्थित नवोदय पब्लिक इंग्लिश स्कूल के वार्षिक स्थापना दिवस का कार्यक्रम स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। स्कूल की स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में काफी खुशी एवं उल्लास का माहौल देखा गया। स्कूल के बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों द्वारा हिंदी, नेपाली एवं अंग्रेजी गीत पर सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में स्कूल के भावी कार्यक्रम एवं कर्मसूची को लेकर स्कूल के हेडमिस्ट्रेस ने जानकारी दी। नवोदय पब्लिक इंग्लिश स्कूल की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की भागीदारी काफी सराहनीय रही। उल्लेखनीय है, गत 2008 में स्थापित यह स्कूल कटहलगुड़ी एवं आसपास इलाके में शिक्षा की अलख जगाने में काफी सराहनीय भूमिका निर्वाह कर रही है। प्रतिवर्ष स्कूल की स्थापना दिवस कार्यक्रम में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें स्थानीय लोग, अभिभावक एवं स्कूल के बच्चों की उपस्थिति काफी संख्या में देखी जाती है।

## चुनाव से पहले सभी स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने को तत्पर जिला प्रशासन

उत्तर दिनाजपुर। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, उत्तर दिनाजपुर जिला प्रशासन ने स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने का कार्य दिसंबर 2025 के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है और एसएचजी-ऋण वितरण प्रक्रिया भी अक्सर ठप हो जाती है। इसी कारण, इस वर्ष दिसंबर तक एसएचजी को ऋण देने की प्रणाली को तेज करने के लिए क्रेडिट लिंकज प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, जिला ग्रामीण विकास संस्था के माध्यम से एसएचजी को कुल1,183 करोड़ का ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक इस लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि शेष 60 प्रतिशत ऋण वितरण का कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा करने की योजना है। जिला ग्रामीण विकास संस्था के परियोजना अधिकारी हेमंत सेऊयार ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में क्रेडिट लिंकज के मामले में राज्य में यह जिला प्रथम स्थान पर रहा था। इस वर्ष भी इसी सफलता को दोहराते हुए एसएचजी को पर्याप्त ऋण मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में, हाल ही में एसएचजी और संबंधित समन्वय विभागों के प्रतिनिधियों की बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में प्रशासन ने सभी को तय समय-सीमा के भीतर काम आगे बढ़ाने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

# बिधानपल्ली में भूजल में कच्चे तेल के मिलने से गहराई समस्या

- पानी में तेल मिलने से कुएं हो रहे अनुपयोगी
- लोग दूसरे स्त्रोतों से पानी लाकर कर रहे इस्तेमाल

उदलाबाड़ी। उदलाबाड़ी के घनी आबादी वाले बिधानपल्ली में भूजल में कच्चे तेल के मिल जाने से समस्या गहराने लगी है। आस-पड़ोस के कई घरों के कुओं के पानी में तेल तैर रहा है। नतीजतन, कुएं अनुपयोगी होते जा रहे हैं।

आरोप है कि यह समस्या पिछले तीन सालों से बनी हुई है, लेकिन राष्ट्रीय तेल कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड अभी तक इसका समाधान नहीं कर पाई है।

हकीकत यह है कि ऑयल इंडिया लिमिटेड की तेल आपूर्ति पाइपलाइन असम के धूलियाजान से बिहार के बरौनी तक 1,157 किलोमीटर में फैली हुई है। तेल आपूर्ति की नियमित निगरानी के लिए रास्ते में 11 पंप स्टेशन और 17 रिपीटर स्टेशन हैं। उदलाबाड़ी बिधानपल्ली का रिपीटर स्टेशन उनमें से एक है।


बिधानपल्ली के एक घर के कुएं के पानी में काला तेल मिला हुआ है।

तीन साल पहले बिधानपल्ली में रिपीटर स्टेशन से सटे दो-तीन घरों के कुओं के पानी में भूमिगत तेल के मिल जाने से यह समस्या शुरू हुई थी। उस समय, तीन प्रभावित परिवारों, अरिजीत चटर्जी, शुभजीत घोष और आनंद गुप्ता ने संदेह व्यक्त किया था कि शायद भूमिगत पाइपलाइन में कहीं रिसाव के कारण, कच्चा तेल पाइपलाइन से रिसकर भूजल में मिल रहा है।

इस मामले के बारे में, ऑयल इंडिया लिमिटेड के गुवाहाटी कार्यालय के परिचालन प्रबंधक लक्ष्यजीत सैकिया ने पहले ही कहा था कि कुओं के पानी की जाँच के बाद आवश्यक उपाय किए जाएँगे।

कुओं से तेल निकालने और पंप करने के अलावा, तेल कंपनी ने प्रभावित परिवारों के लिए गहरे ट्यूबवेल लगाकर वैकल्पिक व्यवस्था भी की। हालाँकि, वे किसी भी तरह से पाइपलाइन में रिसाव को स्वीकार नहीं करना चाहते थे।

इस बीच, समस्या बढ़ने लगी है और बिधानपल्ली के कई और घरों के कुओं तक पहुँच गई है। प्रियनाथ सरकार, सबिता मंडल, स्वपन दे, बिप्लब घोष और अन्य पीड़ितों का कहना है कि तेल की गंध के कारण वे कुएं के पानी का उपयोग नहीं कर सकते। वे पीएचई के पानी से अपनी प्यास बुझाने के साथ-साथ खाना पकाने और घर के अन्य काम करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि समय के साथ तेल युक्त भूजल और भी घरों में फैल जाएगा। इस संबंध में, सोनापुर स्थित ऑयल इंडिया लिमिटेड के उत्तर बंगाल मुख्यालय के प्रभारी कुणाल गुरुंग पाइपलाइन से कच्चे तेल के रिसाव की संभावना को स्वीकार नहीं करना चाहते।

कुणाल ने कहा, अगर ऐसा होता, तो हमारी अत्याधुनिक मशीनें पल भर में तेल रिसाव का पता लगा लेतीं।

उन्होंने कहा, यह मामला समय लेने वाला है।

हम पूरी सावधानी बरत रहे हैं और कुएं के पानी में तेल के मिलने के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि इलाके के निवासियों को पानी की कोई समस्या न हो। कुणाल गुरुंग ने कहा कि विशेषज्ञों की एक टीम तुरंत उदलाबाड़ी बिधानपल्ली इलाके में जाकर स्थिति की जांच करेगी।

# राजगंज में स्क्रब टायफस के छह नए मरीज मिले

जलपाईगुड़ी। पहले से ही लेप्टोस्पायरोसिस से जूझ रही स्वास्थ्य व्यवस्था के समक्ष अब नया संकट आ खड़ा हुआ है। राजगंज क्षेत्र में स्क्रब टायफस संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस रोग का वाहक भी चूहा ही है, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता और बढ़ गई है। राजगंज ग्रामीण अस्पताल से मंगलवार को चेकरमारी गांव के 22 लोगों के रक्त के नमूने उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज भेजे गए थे। बुधवार को रिपोर्ट आने पर पता चला कि उनमें से 6 लोगों के शरीर में स्क्रब टायफस का संक्रमण पाया गया है। इससे पहले अलग-अलग चरणों में 2 मरीजों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। यानी अब तक कुल 8 मरीज स्क्रब टायफस से प्रभावित पाए गए हैं। इसके अलावा, दो और लोगों में लेप्टोस्पायरोसिस का संक्रमण पाया गया है। इस तरह राज्य में इस बीमारी से कुल 170 लोग प्रभावित हो चुके हैं। गौरतलब है कि स्क्रब टायफस एक कीट जनित रोग है। यह ट्रॉम्बिक्युलिड माइट्स (एक प्रकार का सूक्ष्म कीट) यानी चिगर के काटने से फैलता है। कीट काटने के बाद त्वचा पर गाढ़े लाल दाने/काटने का निशान, तेज बुखार और दौरे, सिर दर्द और पूरे शरीर में दर्द होता है। चाय बागानों, जंगलों, झाड़ियों और वनबस्तियों में यह कीट अधिक पाया जाता है। जमीन में गड्ढे खोदकर रहने वाले जीव जैसे चूहे और छुछूंदर के शरीर पर यह कीट रहता है। ये जानवर घरों में घुसकर रसोई, कपड़ों या बिस्तर में आने पर इंसानों तक संक्रमण फैला सकते हैं। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. असीम हाल्दार ने बताया कि कुछ मरीजों के शरीर पर बाइट मार्क देखकर हमें शक हुआ। उनका रक्त परीक्षण कराया गया और 6 मरीजों में स्क्रब टायफस की पुष्टि हुई है। चिंता की कोई बात नहीं है, इसका इलाज उपलब्ध है। साथ ही, लेप्टोस्पायरोसिस प्रभावित इलाकों से चूहों के रक्त के नमूने एकत्र करने के लिए हमने वन विभाग को पत्र लिखा है।

# ममता बनर्जी के जीवित रहते बंगाल में एसआईआर लागू हो ही नहीं सकता : पूर्णेंदु बसु

- भाजपा और एसआईआर पर बोला हमला
- संगठन को मजबूत करने का किया आह्वान

दक्षिण दिनाजपुर। दक्षिण दिनाजपुर के गंगारामपुर से तृणमूल कांग्रेस के किसान नेता और राज्य किसान खेत मजदूर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्णेंदु बसु भाजपा के खिलाफ जमकर गरजे। गुरुवार को गंगारामपुर शहर के रवींद्र भवन में आयोजित किसान खेत मजदूर तृणमूल कांग्रेस की कार्यकर्ता बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर उन्होंने भाजपा और एसआईआर मुद्दे पर तीखे हमले किए। ममता बनर्जी के जीवित रहते बंगाल में एसआईआर लागू हो ही नहीं सकता। दिल्ली से लोग आकर यहां कुछ थोप नहीं पाएंगे। भाजपा के लोग अगर जबरदस्ती करेंगे तो हम उन्हें सड़कों पर ही रोक देंगे। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे पर भय या आतंकित होने की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही, उन्होंने बालुरघाट के भाजपा सांसद सुकांत मजूमदार पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि सांसद केवल विभाजन की राजनीति कर रहे हैं। पूर्णेंदु बसु ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे किसानों तक जाएं, उनकी समस्याओं को सुनें और उनके मन की बात समझें। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कहा कि दक्षिण दिनाजपुर जिले में भाजपा की जीत का आंकड़ा कम करना ही लक्ष्य होना चाहिए। पार्टी के भीतर किसान संगठन को मजबूत करने की कवायद के तहत, 2024 लोकसभा चुनाव के बाद घासफूल शिविर ने साहेन्शा मोल्ला को जिला अध्यक्ष बनाया। उनके नेतृत्व में किसान संगठन ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच पहुँच बढ़ाने पर जोर दे रहा है। स्थानीय राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दक्षिण दिनाजपुर में खाद की काला बाजारी को लेकर किसानों में गहरी नाराजगी है। कई बार किसान सड़क पर उतरकर विरोध जता चुके हैं। ऐसे में यदि तृणमूल का किसान संगठन किसानों की समस्याओं को राज्य सरकार तक सही ढंग से पहुँचा पाए, तो विधानसभा चुनाव में इसका सीधा लाभ सत्तारूढ़ दल को मिल सकता है।

## मनोज भुजेल तीसरी बार जलपाईगुड़ी जिला भाजपा महासचिव के पद पर मनोनीत

बानरहाट। डूआर्स के नागराकाटा निवासी भाजपा नेता मनोज भुजेल को पश्चिम बंगाल भाजपा राज्य समिति द्वारा तीसरी बार जलपाईगुड़ी जिला भाजपा समिति का महासचिव मनोनीत किया गया है। भुजेल के महासचिव मनोनीत होने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं भी दी है। हालांकि अगले साल होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों को देखते हुए राज्य भाजपा समिति ने जिला समितियों में फेरबदल किया है, लेकिन मनोज भुजेल को तीसरी बार जिला समिति का महासचिव बनाए रखा गया है। कई लोगों का यह भी कहना है कि डुआर्स क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाए रखने के लिए भाजपा राज्य समिति द्वारा भुजेल को फिर से महासचिव नियुक्त किया गया है। मनोज भुजेल एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक हैं। उनका राजनीतिक सफर 2007 में गोरखा जनमुक्ति मोर्चा के गोरखालैंड आंदोलन से शुरू हुआ। जब गोरखा जनमुक्ति मोर्चा ने दार्जिलिंग पहाड़ियों से गोरखालैंड आंदोलन शुरू किया, तो डुआर्स क्षेत्र भी धीरे-धीरे इस आंदोलन में शामिल हो गया और भुजेल को पश्चिम डुआर्स क्षेत्र का पार्टी अध्यक्ष बनाया गया था। डुआर्स के मोर्चा नेताओं को धीरे-धीरे भाजपा ने एकीकृत करने का काम किया। इस बीच, 2014 में, मनोज भुजेल को नागराकाटा भाजपा ब्लॉक समिति का अध्यक्ष बनाया गया। 2018 में, उन्होंने नागराकाटा ब्लॉक के अंतर्गत भारत-भूटान सीमा क्षेत्र चंपागुड़ी से पंचायत चुनाव लड़ा और जीतकर पंचायत सदस्य बने। 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें अलीपुर विधानसभा क्षेत्र का सह-संयोजक बनाया गया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में नागराकाटा प्रखंड क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूना भेंगरा को जिताने में भी उनकी अहम भूमिका रही। उसके बाद उन्हें जलपाईगुड़ी भाजपा कमेटी का महासचिव बनाया गया। इस बार भी जब पार्टी प्रतिनिधियों में फेरबदल हुआ, तो उन्हें फिर से महासचिव बनाया गया। पार्टी द्वारा उन्हें फिर से महासचिव बनाए जाने पर खुशी जताते हुए उन्होंने दावा किया कि आगामी 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पुन: विधानसभा क्षेत्र में जीत का परचम लहराएगी।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक एक पुराने मामले में कोर्ट में हुए पेश

## तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा काला झंडा दिखाने एवं गाड़ी पर अंडा फेंकने के आरोप

दिनहाटा। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक को 2018 के एक पुराने हत्या के मामले में पेश होने के दौरान दिनहाटा कोर्ट परिसर में तृणमूल के विरोध का सामना करना पड़ा। वह गुरुवार को दिनहाटा कोर्ट में पेश होने आए थे। उस समय उन्हें काले झंडे दिखाने के अलावा कथित तौर पर ईंट, पत्थर और अंडे फेंके गए। मामले को लेकर कोर्ट परिसर में काफी तनाव रहा। हालांकि कड़ी पुलिस सुरक्षा के कारण मामला ज्यादा आगे नहीं बढ़ा। आज दोपहर करीब 2 बजे पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक एक पुराने मामले में पेश होने के लिए कड़ी सुरक्षा घेरे के बीच दिनहाटा कोर्ट परिसर में आए। वहां पहले से ही भारी पुलिस तैनाती थी। दोपहर करीब 2 बजे वह सुरक्षा घेरे के बीच दिनहाटा कोर्ट परिसर में आए और पेश हुए। यह खबर सुनते ही तृणमूल कार्यकर्ताओं का एक समूह हाथों में काले झंडे लेकर खड़ा हो गया। आरोप यह भी है कि उनकी कार के आगे पत्थर और अंडे फेंके गए। हालाँकि तृणमूल कांग्रेस ने भी अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया है। आज अदालत परिसर में मामले के बारे में बोलते हुए पूर्व मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने कहा, 2018 में राजनीतिक उद्देश्यों के लिए मेरे खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया था। देश में ऐसे मामलों में किसी को सजा नहीं हुई है। इसलिए, समय आने पर सब कुछ सामने आ जाएगा। आज भाजपा के पूर्व मंत्री निशीथ प्रमाणिक पर काले झंडे और अंडे फेंके जाने के बारे में बोलते हुए तृणमूल जिला सचिव पार्थ साहा ने कहा, तृणमूल पार्टी ने काला झंडा नहीं दिखाया। अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों पर हमले हो रहे हैं। यह इसके खिलाफ आम लोगों के गुस्से का इजहार है। संयोग से, 2018 में पंचायत चुनाव के दौरान, तृणमूल के दो समूहों, युवा और मदर के बीच संघर्ष ने उग्र रूप ले लिया था। उस समय, युवा तृणमूल का नेतृत्व निशीथ प्रमाणिक कर रहे थे। पंचायत चुनाव से पहले दिनहाटा के गीतालदह, ब्लॉक नंबर 1 में तृणमूल मदर समूह के सदस्य अबू मिया नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में निशीथ प्रमाणिक समेत 41 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इनमें से 24 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है। इस आरोपपत्र में मंत्री निशीथ प्रमाणिक का नाम भी शामिल है। पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक आज इसी मामले में पेश होने अदालत आए थे।

## हाथियों के हमले में घर एवं दुकान क्षतिग्रस्त



फालाकाटा। चाय बागानों में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता ही जा रहा है। ताजा घटना फालाकाटा ब्लॉक के तासाटी चाय बागान के जिरकु लाइन इलाके में घटी। बुधवार की गहरी रात को दलगांव जंगल से निकला तीन हाथियों का झुंड मजदूर बस्ती में घुस आया और जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने दो अलग-अलग घरों और दो दुकानों को तोड़-फोड़ कर चूर-चूर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने बस्तियों में रखे गए खाद्य-सामग्री को भी तहस-नहस कर दिया और खा लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात करीब डेढ़ बजे तीन हाथी बस्ती में घुसे और लगभग एक घंटे तक तांडव मचाने के बाद जंगल की ओर लौट गए। अचानक इस हमले से इलाके के लोग दहशत में हैं। घटना की पुष्टि करते हुए जलपाईगुड़ी डिवीजन के दलगांव रेंज के रेंज ऑफिसर धनंजय राय ने कहा, क्षतिग्रस्त लोग यदि आवेदन करेंगे तो सरकारी नियम के तहत उन्हें मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## अलीपुरद्वार जिले में बढ़ा मलेरिया और वायरल बुखार का प्रकोप

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। अलीपुरद्वार जिले में वायरल बुखार से प्रभावित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ ही मलेरिया भी फैल रहा है। अब तक जिले में 69 लोग मलेरिया से संक्रमित पाए गए हैं। अलीपुरद्वार जिला अस्पताल में 2 मरीज भर्ती हैं। जिले के प्रत्येक ब्लॉक अस्पताल और ग्रामीण अस्पतालों के आउटडोर में सुबह से ही वायरल बुखार के रोगियों की भीड़ देखी जा रही है। लताबाड़ी ग्रामीण अस्पताल के आउटडोर में भी वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। जितने मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं, उनमें से अधिकांश वायरल बुखार से पीड़ित। अलीपुरद्वार जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. परितोष मंडल ने कहा कि जिले में मलेरिया और वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ रहा है। मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। यह मच्छरजनित रोग है, इसलिए मच्छरदानी का उपयोग आवश्यक है।

लताबाड़ी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सौमेन ने बताया कि मौसम की अनियमितता के कारण यह बुखार बढ़ रहा है। रोगियों में उच्च तापमान, पूरे शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

# व्हाट्सऐप स्टेट्स डालकर छात्रा ने की आत्महत्या

- स्टेट्स देखकर बचाने गए तीन दोस्तों की जमकर पिटाई
- तीनों अस्पताल में चिकित्साधीन

जलपाईगुड़ी। जलपाईगुड़ी में बुधवार रात एक दर्दनाक और सनसनीखेज घटना सामने आई। पॉलिटेक्निक कॉलेज की एक छात्रा ने व्हाट्सऐप स्टेट्स पर आत्महत्या की घोषणा करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। छात्रा को बचाने पहुंचे तीन दोस्त स्थानीय लोगों के गुस्से का शिकार बन गए और बुरी तरह पिटाई का शिकार हुए। यहां तक कि बचाव में पहुंची पुलिस टीम पर भी उत्तेजित भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जलपाईगुड़ी पॉलिटेक्निक कॉलेज की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने व्हाट्सऐप स्टेटस पर आत्महत्या करने का संदेश डाला। यह देखकर कॉलेज के ही तीन छात्र तुरंत कोतवाली थाना क्षेत्र के कालियागंज इलाके में उसकी घर पहुंचे। कमरे में घुसने पर उन्होंने छात्रा को फंदे से झूलता पाया। तीनों दोस्तों ने शोर मचाकर पड़ोसियों और परिजनों को बुलाया और छात्रा को अस्पताल ले जाने का अनुरोध किया। परिवार उसे नर्सिंग होम लेकर गए, जहां से कहा गया कि तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाएं। इस बीच तीनों दोस्त सीधे जलपाईगुड़ी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच गए। जब छात्रा को लाने में देर होने लगी, तो वे दोबारा उसके घर लौटे। वहां उन्होंने देखा कि छात्रा का शव जमीन पर रखा है। इसी दौरान परिजन और स्थानीय लोग उन्हें देखकर बुरी तरह भड़क उठे और मारपीट शुरू कर दी। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। लेकिन भीड़ पुलिस गाड़ी पर भी टूट पड़ी। बाद में कोतवाली थाने की टीम ने हालात काबू में कर तीनों घायल छात्रों को बचाकर मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले को अस्वाभाविक मृत्यु के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष संजय दत्त ने कहा कि मामले की पूरी जांच की जा रही है। अभी तीनों छात्र अस्पताल में उपचाराधीन हैं। उनके स्वस्थ होने पर उनसे भी पूछताछ की जाएगी। छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# तीव्र गर्मी में बेहाल आंगनवाड़ी केंद्र, न पानी है न पंखा, 47 बच्चें और माताएं सेवा लेने को विवश

धूपगुड़ी। भीषण गर्मी में जहाँ लोग घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं, वहीं धूपगुड़ी ब्लॉक के गधेयारकुठी ग्राम पंचायत के कूर्शामारी इलाके का 361 नंबर आंगनवाड़ी केंद्र बदहाली की मिसाल बना हुआ है। यहाँ न तो पंखे हैं और न ही पीने का पानी। मोटर पंप और ट्यूबवेल होने के बावजूद वर्षों से जल संकट बरकरार है। इस कठिन परिस्थिति में भी रोजाना दर्जनों बच्चे, गर्भवती और प्रसूता महिलाएं केंद्र पर सेवाएँ लेने को मजबूर हैं। इस केंद्र में 47 बच्चे पंजीकृत हैं, साथ ही 4 गर्भवती और 3 प्रसूता महिलाएँ भी सेवाएँ ले रही हैं। लेकिन केंद्र की हालत इतनी दयनीय है कि बच्चों से लेकर माताओं तक सभी को घुटन और प्यास से जूझना पड़ रहा है। गर्मी में पंखा न होने से कार्यकर्ता और आगंतुक सभी हाथ पंखे का सहारा लेने पर मजबूर हैं। पीने और पकाने के लिए पानी आसपास के घरों से लाकर काम चलाना पड़ता है। आंगनवाड़ी की सहायिका सोनामति मंडल ने कहा, केंद्र में बहुत दिक्कत है। खाना बनाने में परेशानी होती है। पानी नहीं है। ट्यूबवेल और मोटर पंप हैं लेकिन खराब पड़े हैं। मजबूरी में हमें पड़ोसियों से पानी लाकर काम करना पड़ता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दीप्ति राय ने बताया, केंद्र में कई समस्याएँ हैं। यहाँ कुल 47 बच्चे, गर्भवती और प्रसूता मां आती हैं। वे सेवाएँ लेने आती हैं लेकिन पानी और पंखे के अभाव में सबको कठिनाई झेलनी पड़ती है। हम भी इस गर्मी में बेहद कठिन हालात में काम कर रहे हैं। बार-बार उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति पिछले कई वर्षों से है, लेकिन समस्या का हल अब तक नहीं निकला है। प्रशासन की उदासीनता के कारण नन्हें बच्चों और माताओं को असहनीय गर्मी और असुविधा में दिन काटना पड़ रहा है।



## कटहलगुड़ी में राजी पहाड़ा सरना प्रार्थना सभा आयोजित, आदिवासी सरना संहिता लागू करने की मांग

बानरहाट। बानरहाट प्रखंड के कटहलगुड़ी चाय बागान में राजी पहाड़ा सरना समिति द्वारा एक भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सरना धर्म और आदिवासी संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सरना अनुयायी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समिति के उत्तर बंगाल महासचिव भगवान दास मुंडा, उपाध्यक्ष सीता उरांव, जलपाईगुड़ी जिला अध्यक्ष अजय टोप्पो, अलीपुरद्वार जिला अध्यक्ष बिलाश उरांव, बानरहाट प्रखंड अध्यक्ष सूरज उरांव, कर्मिला उरांव, राजू एक्का, संता उरांव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर सरना नेता सुशील उरांव ने आदिवासी सरना संहिता को तत्काल लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा, हमारे धर्म, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए एक अलग सरना संहिता अनिवार्य है। सरकार को हमें एक अलग पहचान देनी चाहिए, क्योंकि हमारी परंपराएँ और पूजा-पाठ अन्य समुदायों से मेल नहीं खाते। अगर सरना धर्म को मान्यता नहीं मिली, तो आने वाली पीढ़ी अपनी मौलिकता खो देगी। सुशील उरांव ने सभी सरना अनुयायियों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान भी किया।

प्रार्थना सभा में उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से प्रकृति और पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सामाजिक एकता, शांति और सरना धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

## दस लाख की अवैध कफ सिरप जब्त, एक गिरफ्तार

अलीपुरद्वार (निज संवाददाता)। मुर्गी के चारे की आड़ में छिपाकर अवैध कफ सिरप की तस्करी करते समय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है जबकि भारी मात्रा में कफ सिरप जब्त की गयी है। जानकारी के अनुसार, मुर्गी के चारे के बोरे में छिपाकर अवैध नशे की कफ सिरप असम में तस्करी की जा रही थी। असम-बंगाल सीमा के बारोबिशा सेल टैक्स क्षेत्र में बुधवार देर रात नियंत्रण खोकर वह गाड़ी पलट गई। गाड़ी पलटने के बाद मुर्गी के चारे से भरे बोरे सड़क पर बिखर गये। चालक और खलासी को बचाने के लिए जब स्थानीय लोग पहुंचे तो उन्होंने बोरों के अंदर से भारी मात्रा में कफ सिरप के कार्टून देखे।

सूचना मिलते ही बक्सिरहाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने तलाशी ली तो हजारों की संख्या में प्रतिबंधित कफ सिरप की बोतलें बरामद हुईं। इसके बाद गुरुवार दोपहर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गाड़ी बिहार के हाजीपुर से असम जा रही थी। गाड़ी से 3,900 बोतल कफ सिरप जब्त की गई। चालक फरार हो गया लेकिन गाड़ी के खलासी त्रिभुवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब्त कफ सिरप का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग दस लाख रुपये बताया जा रहा है।

## धुबरी से निकला शहीदी गुरु ग्रंथ साहिब नगर कीर्तन, हासीमारा पहुँचा

जयगांव (नि.सं)। आसाम के धुबरी साहिब से शहीदी गुरु ग्रंथ साहिब के उपलक्ष्य में सुरमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर दरबार और धुबरी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से 21 अगस्त को भव्य नगर कीर्तन की शुरुआत की गई।

यह ऐतिहासिक नगर कीर्तन पूरे भारत का भ्रमण करेगा और नवंबर माह में आनंदपुर साहिब पहुँचकर सम्पन्न होगा। आज धुबरी गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ हुआ नगर कीर्तन हासीमारा गुरुद्वारा साहिब पहुँचा। सिंह साहेब ज्ञानी जागदेव सिंह की अगुवाई में आयोजित इस शोभायात्रा में कीर्तन दरबार और लंगर प्रसाद का आयोजन हुआ। इसके बाद नगर कीर्तन अगले पड़ाव के लिए रवाना हो गया।

कार्यक्रम के दौरान हासीमारा गुरुद्वारा साहिब कमेटी के प्रधान त्रिलोक सिंह, सचिव भूपेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष बलबिंदर सिंह, चेयरमैन हरदीप सिंह, चरणजीत सिंह, भोला, गुलाब सिंह सहित अन्य सदस्यों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ इस ऐतिहासिक नगर कीर्तन का स्वागत किया।

## तस्करी से पहले 22 किलो गांजा जब्त, एक गिरफ्तार

दिनहाटा (निज संवाददाता)। टोटो रिक्शा से तस्करी के उद्देश्य से ले जाए जा रहे 22 किलो गांजे के साथ एक व्यक्ति को साहेबगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरुवार को दिनहाटा 2 नंबर ब्लॉक के दुर्गानगर इलाके से उक्त व्यक्ति को पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपी का नाम मोमिनुर मियां है। उसका घर चौधुरीहाट ग्राम पंचायत के जयगीरबाला बाड़ी इलाके में है। आरोपी के खिलाफ साहेबगंज थाना पुलिस ने तय धाराओं में मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, मोमिनुर मियां एक टोटो रिक्शा में कई किलो गांजा लेकर जा रहा था। पुलिस का मानना है कि गांजा तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। जैसे ही टोटो रिक्शा दुर्गानगर इलाके में पहुंचा, वहां पुलिस नाका चेकिंग कर रही थी। पुलिस को टोटो रिक्शा देखकर शक हुआ और उसे रोककर तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान कुल 22 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही मोमिनुर मियां को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजे की तस्करी के मकसद से यह खेप ले जा रहा था।

इससे पहले भी दिनहाटा 2 नंबर ब्लॉक के कई इलाकों से साहेबगंज थाना पुलिस अवैध गांजा बरामद कर चुकी है। गौरतलब है कि पिछले कई सालों से दिनहाटा महकमा क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में अवैध गांजे की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। हर साल गांजे की खेती का क्षेत्रफल बढ़ता जा रहा है। जानकारों के अनुसार, कुछ दलाल इस खेती को बढ़ावा देते हैं। दलाल न केवल किसानों को गांजा उगाने के लिए प्रेरित करते हैं बल्कि शुरुआती दौर में उन्हें आर्थिक मदद भी उपलब्ध कराते हैं।

फसल तैयार होने पर वही दलाल गांजा खरीदकर उसे बड़ी मात्रा में इकट्ठा कर बाहर तस्करी के लिए भेजते हैं। पहले भी कई बार पुलिस ने इस तरह से जमा किए गए गांजे को बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि गुरुवार को जो गांजा बरामद हुआ, वह भी तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध गांजा खेती और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जयगांव पुलिस ने बस से भारी मात्रा में भूटानी शराब जब्त की



जयगांव (नि.सं)। जयगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत दलसिंहपाड़ा जीएसटी चेकिंग प्वॉइंट पर पुलिस ने बिहार के मोतिहारी भेजी जा रही भारी मात्रा में भूटानी शराब जब्त की है। यह कार्रवाई बुधवार रात उस समय की गई, जब एक बस जयगांव से यात्रियों को लेकर मोतिहारी की ओर जा रही थी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान बस में एक संदिग्ध लावारिस बैग देखा गया। जब यात्रियों और बस कर्मियों से बैग के बारे में पूछताछ की गई, तो किसी ने भी इसकी जानकारी होने से इनकार कर दिया।

इसके बाद तलाशी लेने पर बैग से भूटान निर्मित ड्यूक 1100 बीयर के 20 कैन, 700 मिली ब्लैक माउंटेन की 12 बोतलें और 180 मिली ब्लैक माउंटेन की 12 बोतलें बरामद की गईं। यह अभियान जीएसटी चेकिंग प्वॉइंट के इंचार्ज हरी थिंग और उनकी टीम के उपस्थिति में हुवा है।

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मुख्य संदिग्ध भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। वहीं, बस ड्राइवर ने बयान दिया कि संदिग्ध यात्री ने न तो सीट आरक्षण कराया था, न ही पहचान पत्र या मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया था।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह भी चौंकाने वाली बात है कि बस के कर्मचारियों को शराब से भरे बैग के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## विद्यार्थियों की प्रत्यक्ष भागीदारी से प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बानरहाट। बानरहाट हाई स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा अनोखा आयोजन किया। विद्यालय के ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों की प्रत्यक्ष भागीदारी से एक प्राथमिक स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

पाँचवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने हाथों और कलम से अपना रक्तचाप, वजन, बी.एम.आई., ऊँचाई, रक्त समूह, रक्त शर्करा, ऑक्सीजन स्तर आदि मापा। उन्होंने न केवल मापा, बल्कि प्राप्त सभी जानकारियों को सही ढंग से भी लिखा । ऐसी अभूतपूर्व पहल एक बेहतरीन उदाहरण है। विद्यालय के जीव विज्ञान शिक्षक श्री बलाई चंद्र दास और स्वास्थ्य सेवा प्रशिक्षक श्रीमती अनुश्री रक्षित ने जिस तरह से विद्यार्थियों को संबंधित विषयों में पारंगत बनाया है, यह काफी अभूतपूर्व रहा है।

शिविर में, विद्यार्थियों को स्मार्ट कक्षाओं में, चर्चा सत्रों के माध्यम से विभिन्न चिकित्सा उपकरणों और उनके उपयोग के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया और अत्याधुनिक दूरबीन सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न संक्रामक जीवाणुओं के जीवन चक्र को दिखाया। विद्यार्थी काफी शांत और संयमित दिखे। विद्यालय के दो खेल शिक्षक, श्री महादेव रॉय, दिबाकर विश्वास, कंप्यूटर प्रशिक्षक श्री सौगत मलिक और शिक्षक श्री आतिश सेन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालय के सहायक प्रधानाचार्य अशफाक अहमद ने कहा, अगर छात्रों को उचित मार्गदर्शन और जिम्मेदारियां दी जाएँ, तो वे इसमें सफल हो सकते हैं, आज का शिविर इसका प्रमाण है। प्रधानाचार्य श्री सुकल्याण भट्टाचार्य ने कार्यक्रम के बारे में एक और आशा व्यक्त की।

आज के शिविर से छात्रों द्वारा एकत्रित जानकारी का विश्लेषण किया जाएगा, एक समग्र रिपोर्ट तैयार करके जल्द से जल्द संबंधित विभाग को सौंप दी जाएगी।

## जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण की मांग में भाजपा ने किया प्रदर्शन

### ● निकाली रैली, पथसभा का किया आयोजन

मालबाजार (निज संवाददाता)। मालबाजार से बड़दिघी तक 9 किमी लंबी राज्य सड़क माल ब्लॉक के दो ग्राम पंचायतों और कई चाय बागानों के लगभग आधे लाख लोगों के आवागमन का एकमात्र साधन है। यह सड़क मालबाजार से जलपाईगुड़ी और मयनागुड़ी आने-जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में भी उपयोग की जाती है। पिछले कई वर्षों से इस सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर है। सड़क की ब्लैक टॉप परत लगभग पूरी तरह से उखड़ चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बरसात का पानी भर जाने से ये गड्ढे मौत के गड्ढे में बदल गए हैं।

इस सड़क के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी की ओर से बड़दिघी बाजार क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन एवं पथसभा आयोजित की गई। इसके साथ ही बड़दिघी बाजार इलाके में रैली भी निकाली गयी। पथसभा में भाजपा नेताओं ने कहा कि इस 9 किमी लंबे मार्ग से तेशिमला और कुमलाई ग्राम पंचायत के हजारों लोग, स्कूली छात्र-छात्राएं और रोगीवाहक एम्बुलेंस गुजरते हैं। मालबाजार शहर के साथ यही एकमात्र संपर्क मार्ग है। यही सड़क क्रांति ब्लॉक को भी जोड़ती है। इतनी महत्वपूर्ण सड़क कई वर्षों से खराब स्थिति में है। हालत यह है कि गर्भवती महिला ने एम्बुलेंस में ही प्रसव किया। मुख्यमंत्री ने इस सड़क के लिए 13.47 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। टेंडर भी हुआ, लेकिन अज्ञात कारणवश उसे रद्द कर दिया गया। सरकारी इस टालमटोल के कारण हजारों लोग प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। लगभग रोज ही दुर्घटनाएं घट रही हैं। हम चाहते हैं कि तुरंत सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो। अन्यथा भाजपा आंदोलन करेगी। सभा को मंडल अध्यक्ष पूर्णबहादुर छेत्री, भाजपा नेता कमलेंदु देवशर्मा आदि ने संबोधित किया।

## आरपीएफ-एनएफआर ने भागे हुए 738 बच्चों को रेस्क्यू और 89 महिलाओं एवं बच्चों को मानव तस्करी से बचाया

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) का रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए निरंतर समर्पित प्रयास कर रहा है। इस वर्ष जनवरी से जुलाई के दौरान, आरपीएफ/एनएफआर ने भागे हुए 738 बच्चों और तस्करी से 89 बच्चों एवं महिलाओं को बचाया तथा 09 तस्करों को पकड़ा। रेस्क्यू किए गए बच्चों/महिलाओं को संबंधित चाइल्ड लाइन/एनजीओ, अभिभावकों और जीआरपी/पुलिस को सौंप दिया।

16 से 19 अगस्त 2025 के बीच चलाए गए अभियानों की श्रृंखला में, आरपीएफ कर्मियों ने इस जोन के क्षेत्राधिकार में विभिन्न ट्रेनों और स्टेशनों से भागे हुए 16 नाबालिगों को रेस्क्यू किया और उचित माध्यमों से उनकी सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित की। हाल ही में हुई एक घटना में, 16 अगस्त को, ट्रेन सं या 12346 डाउन में एस्कॉर्ट ड्यूटी के दौरान, मालीगांव आरपीएफ कर्मियों ने भागे हुए दो नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। बाद में, उनलोगों को क्रमशः चाइल्ड लाइन, बंगाईगांव और चिरांग को सौंप दिया गया। उसी दिन, डिब्रूगढ़ आरपीएफ पोस्ट ने एक नाबालिग लड़के को रेस्क्यू कर उसे चाइल्ड लाइन, डिब्रूगढ़ को सौंप दिया। 17 अगस्त को, डिमापुर आरपीएफ पोस्ट ने एक नाबालिग लड़के को रेस्क्यू कर चाइल्ड लाइन, डिमापुर के माध्यम से उसकी सुरक्षित अभिरक्षा सुनिश्चित की। 18 अगस्त को भागे हुए 5 नाबालिगों को कटिहार, पूर्णिया, कोकराझार और अलीपुरद्वार में स्टेशनों एवं ट्रेनों से रेस्क्यू किया और उचित पहचान के बाद उनलोगों को संबंधित चाइल्ड लाइन या अभिभावकों को सौंप दिया गया। इसके अलावा, 19 अगस्त, 2025 को आरपीएफ ने गुवाहाटी, कामाख्या, डिब्रूगढ़, जलालगढ़ और अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशनों से 7 नाबालिगों को रेस्क्यू किया और उचित पहचान के बाद उनलोगों को संबंधित चाइल्ड लाइन या अभिभावक को सौंप दिया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया विरोध प्रदर्शन

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राज्य के सरकारी कॉलेजों में अभी तक प्रवेश प्रक्रिया शुरू न होने पर रोष व्यक्त किया है।

सिलीगुड़ी नगर निगम की पहल पर आज एबीवीपी ने विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने दावा किया कि उच्च शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण छात्र बेहद अनिश्चितता में हैं। अगर प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई, तो कई छात्रों का भविष्य संकट में पड़ जाएगा।

संगठन नेताओं ने कहा, सरकार जानबूझकर प्रवेश प्रक्रिया में देरी कर रही है। अगर प्रवेश तुरंत शुरू नहीं हुआ, तो हम एक बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे।

## सिलीगुड़ी में डिस्प्ले सेंटर का किया शुभारंभ

सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध ब्रांड, गुनेबो ने पूर्वोत्तर भारत के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले सिलीगुड़ी में अपने नए डिस्प्ले सेंटर को लॉन्च किया।

इस डिस्प्ले सेंटर के माध्यम से गुनेबो द्वारा अपने प्रमुख ब्रांड्स, स्टीलएज और चबसेफ्स की नवीनतम और उन्नत प्रोडक्ट रेंज को प्रदर्शित किया गया है। यह सेंटर स्थानीय व्यापारियों, ज्वेलर्स और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस को सेफ, वॉल्ट और अन्यहाई-सिक्योरिटी स्टोरेज सॉल्यूशंस आसानीसे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

इस डिस्प्ले सेंटर का उद्घाटन श्री अनिर्बान मुखुति, हेड मार्केटिंग एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट, एशिया, गुनेबो सेफ स्टोरेज और श्री सुबीर दास, रीजनल मैनेजर, ईस्ट जोन, गुनेबो सेफ स्टोरेज द्वारा किया गया। यह सेंटर गुनेबो के ऑथराइज्ड चैनल पार्टनर मयुख मार्केटिंग के सहयोग से शुरू किया गया है।

## सिलीगुड़ी के डीसीपी विश्वचांद ठाकुर का नॉर्थ हावड़ा में हुआ तबादला



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डीसीपी ट्रैफिक और वेस्ट जोन विश्वचांद ठाकुर का तबादला कर दिया गया है। उन्हें नई जिम्मेदारी हावड़ा नॉर्थ डीसीपी के रूप में दी गई है। इस संबंध में तबादले की आधिकारिक निर्देशिका गुरूवार रात को सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस मुख्यालय पहुंची।

उल्लेखनीय है कि डीसीपी विश्वचांद ठाकुर ने पिछले वर्ष सितंबर में सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन पुलिस में कार्यभार संभाला था। बीते एक साल से वे ट्रैफिक और वेस्ट जोन की जिम्मेदारी निभा रहे थे। सिलीगुड़ी को जाम मुक्त करने के लिए उन्होंने टोटो वाहनों में बारकोड लगाने और रूट निर्धारण जैसे अहम फैसले लिए। इन कदमों के चलते शहर में जाम की समस्या में पहले की तुलना में काफी कमी आई।

इसके अलावा दुर्गा पूजा कार्निवल को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में भी उनकी भूमिका बेहद सराहनीय रही थी। हाल ही में नवान्न चलो अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए भी डीसीपी विश्वचांद ठाकुर को विशेष तौर पर बुलाया गया था। अब डीसीपी विश्वचांद ठाकुर को सिलीगुड़ी मेट्रोपॉलिटन से तबादला कर हावड़ा नॉर्थ में डीसी पद पर किया गया है।

## बहुआयामी अभिनेता स्वर्गीय अरुण सरनाईक के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर शो का आयोजन

मुंबई। अपनी बहुआयामी अभिनय शैली से मराठी रंगभूमि और फिल्म जगत में विशेष पहचान बनाने वाले सुप्रसिद्ध अभिनेता स्वर्गीय अरुण सरनाईक के जीवन पर आधारित पप्पा सांगा कुणाचे इस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर शो रविवार, 24 अगस्त 2025 को स्थानीय शिवाजी पार्क स्थित स्वातंत्र्यवीर सावरकर स्मारक सभागार में आयोजित किया जा रहा है।

इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण अरुण सरनाईक की पुत्री डॉ. सविता सरनाईक-नाईकनवरे ने किया है। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महाराष्ट्र के सूचना एवं प्रौद्योगिकी तथा सांस्कृतिक मंत्री श्री आशीष शेलार, सुप्रसिद्ध वरिष्ठ गायिका उषाताई मंगेशकर, लोकप्रिय अभिनेता सुबोध भावे, निर्माता डॉ. सविता सरनाईक-नाईकनवरे और कई प्रतिष्ठित एवं मान्यवर गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

1956 में मो. ग. रांगणेकर लिखित भटाला दिली ओसरी इस नाटक के माध्यम से व्यावसायिक रंगभूमि पर पदार्पण करने वाले बहुआयामी अभिनेता अरुण सरनाईक ने अपने करियर में 37 से अधिक नाटकों में अभिनय किया।

## सिलीगुड़ी के चयनपाड़ा में युवक का फंदे से लटका शव बरामद



सिलीगुड़ी (निज संवाददाता)। सिलीगुड़ी नगर निगम के 37 नंबर वार्ड अंतर्गत चयनपाड़ा इलाके में एक युवक का फंदे से लटका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक युवक का नाम भास्कर साहा (22) बताया गया है। घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार भास्कर अपने पिता के साथ व्यवसाय में हाथ बटाता था। परिवार में किसी तरह का तनाव या समस्या नहीं थी। रोज की तरह उसने बुधवार रात को खाना खाकर सोने चला गया था। गुरुवार सुबह जब 11 बजे तक वह सोकर नहीं उठा तो परिजनों ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

